जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan

वर्ष- 58 अंक-22 जयपुर, सोमवार, 30 मई, 2022 वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) पृष्ठ संख्या 4



# निम्स यूनिवर्सिटी निदेशक डॉ.आदित्य पंकज सिंह का ऐतिहासिक रूप से मना 50 वाँ जन्मदिन

## देश सेवा से बढ़कर कुछ भी नहीं है : डॉ.आदित्य पंकज सिंह




**कन्याओं के लिए श्रीमती राजेश्वरी जच्चा-बच्चा योजना का किया शुभारम्भ**

**विशाल रक्तदान शिविर में 1136 यूनिट रक्त हुआ एकत्रित**

**जयपुर (हमारा वतन)** राजधानी जयपुर के दिल्ली जयपुर नेशनल हाईवे स्थित निम्स हॉस्पिटल निदेशक डॉ.आदित्य पंकज सिंह का ऐतिहासिक 50 वां जन्मदिवस विशाल रक्तदान शिविर और सामाजिक सरोकार के कार्य कर मनाया गया। डॉ.आदित्य पंकज सिंह को समर्थक पांडाल से कन्धों पर बैठकर मंच पर लाए । मंच पर आते ही सेल्फी लेने वालों की हौड मचने लगी ।

### श्रीमती राजेश्वरी जच्चा-बच्चा योजना का किया शुभारम्भ

इस अवसर पर निम्स अस्पताल में जन्म लेने वाली कन्याओं के लिए श्रीमती राजेश्वरी जच्चा-बच्चा योजना का प्रारम्भ किया गया, जिसमें 11000 रु. की एफडी व निःशुल्क शिक्षा जैसी प्रोत्साहन सुविधाएं मिलेंगी।

### डायरेक्टर,जनप्रतिनिधि,समाज सेवी और उद्योगपति हुए शामिल

डॉ.आदित्य पंकज सिंह के भव्य जन्मदिवस समारोह में विभिन्न संस्थानों के डायरेक्टर, जनप्रतिनिधि,समाजसेवी और उद्योगपतियों ने शामिल होकर जन्मदिन की शुभकामनाएँ दी । शाहपुरा विधायक आलोक बेनिवाल, जमवारामगढ विधायक गोपाल मीणा, राष्ट्रीय सडक सुरक्षा परिषद के डॉ निर्मल जैन, कांग्रेस नेता मनीष यादव, राजस्थान विश्विद्यालय से महावीर गुर्जर,शंकर गोरा,अनुराग शर्मा ने शिरकत की ।

### राजनेताओं ने दी फोन पर बधाई

डॉ.आदित्य पंकज सिंह को बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया, मंत्री अशोक चांदना सहित कई नेताओं ने फोन पर जन्मदिन की बधाई दी।

### आशा वर्कर का किया सम्मान

जन्मदिन पर डॉ. पंकज सिंह ने क्षेत्र की आशा वर्कर का उत्कृष्ट सेवा देने के लिए सम्मान किया और कहा कि कोरोना काल में आपकी सेवाएँ बेहतरीन थी ।



### विशाल रक्तदान शिविर

जन्मदिन पर यूनिवर्सिटी परिसर में विशाल रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया । जिसमे रक्तदाताओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया । शिविर में 1136 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। डॉ सिंह ने कहा कि रक्त की एक - एक बूंद कीमती होती है और इसे डॉक्टर से बेहतर कौन जान सकता है । जहां रक्त की आवश्यकता पड़ने पर, व्यवस्था होते ही मरीज के परिजनों के चेहरे पर उम्मीद के आंसू छ्लक पड़ते हैं। डॉ सिंह ने कहा कि रक्तदान महादान है और यह सभी को करना चाहिए।

### महारुद्र महाकाल मंदिर महंत ने दिया आशीर्वाद

करौली जिले के ग्राम नवलापुरा डांडा स्थित अनहद कैलाश तीर्थ क्षेत्र श्री महारुद्र महाकाल मंदिर के महंत द्वारा दीर्घायु होने का आशीर्वाद प्रदान किया गया ।

इस दौरान श्रीमती शोभा तोमर, श्रीमती जूही तोमर, मनीषा, नरेंद्र, अरवान, सुभाष महला, विष्णु कुमावत, अमित तिवारी, भूपेंद्र सिंह, पवन सिंह, अशोक सिंह, आशिफ खान, नीरज, निखिल, सुमन शाह, तारिक खान, लोकेश चौधरी, राहिल, गोरेंद्र,नासिर आदि लोग मौजूद रहे ।

### जनसमूह के बीच काटा केक

डॉ.आदित्य पंकज सिंह ने परिवार,यूनिवर्सिटी,अस्पताल स्टाफ व जन समूह के साथ केक काटकर खुशियां साझा की और कहा कि आप सभी के आशीर्वाद से में शतक जरूर लगाऊंगा । इसके बाद भारतीय संस्कृति के अनुसार हवन यज्ञ का भी आयोजन किया गया।

### चैयरमेन डॉ. बलवीर सिंह तोमर ने दिया शुभाशीर्वाद

निम्स हॉस्पिटल के चैयरमेन डॉ. बलवीर सिंह तोमर ने डॉ. पंकज को शुभाशीर्वाद प्रदान किया । डॉ. पंकज की उपलब्धियों को बताया । कहा की आप अपने लक्ष्य को प्राप्त करो और लगातार समाज की सेवा करते रहो ।

### 51 किलो की माला पहनाकर किया स्वागत



50 वें जन्मदिन पर डॉ. पंकज को 51 किलो फूलों की माला पहनाकर भव्य स्वागत और सम्मान किया । डॉ. पंकज सिंह ने इस अवसर पर आये हुए आगन्तुकों का दिल से अभिनंनदन किया । अपने जीवन से जुडें अनुभवों के बारे में बताया व युवाओं से सदैव देश सेवा के लिए तत्पर रहने की बात कही । बीएसएफ के जी एस संधु के नेतृत्व में जवानों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर शुभकामना दी ।

# चौमूं का इतिहास

गतांक से आगे.....



भाग 5

चौमूँ के किले को धाराधारगढ़ भी कहते हैं । बीते जमाने में सघन वन तथा कंटीली झाड़ियों से आवर्त जमीन के ढलान पर बनाया गया है। अतः शत्रु द्वारा किले की सही स्थिति का अनुमान कर उस पर निशाना लगाना बहुत कठिन था। किले को लक्ष्य कर दागे गए गोले उसे हानि पहुंचाए बिना ऊपर से निकल जाते थे। उस जमाने के प्रसिद्ध आक्रांता राजबहादुर तथा समरू बेगम ने चौमूँ के इस किले पर बांडी नदी के मुहाने से गोले बरसाए पर किले का पतन नहीं हो सका। यहां तक कि जयपुर की दीवान संगी झूंथाराम की भी यहां के नेताओं को सबक सिखाने की अभिलाषा इस किले के दुर्भेद्य स्वरूप के कारण अधूरी रह गई। नाथावत आमेर जयपुर के कछवाहा राजवंश की एक प्रमुख शाखा है । अपनी सैनिक उपलब्धियों के लिए तो यह प्रसिद्ध है ही साथ ही समकालीन राजनीति में भी नाथावतो का बड़ा दबदबा और वर्चस्व रहा है। उन्हें पटेल कहकर संबोधित किया जाता था। पूर्व जयपुर रियासत में उनके अनेक संस्थान थे जिनमें चौमूँ प्रमुख है । चौमूँ के नाथावत नाथाजी के पुत्र की वंश परंपरा में है। मनोहर दास को हाडौता की जागीर मिली थी। चौमूँ के शासक एक से बढ़कर एक वीर और प्रतापी हुए जिनमें रघुनाथ सिंह ने आमेर के राजा विशन सिंह के साथ कई अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



प्रिंस कुमार उप्पल (मुद्राशास्त्री) निदेशालय,पुरातत्व एवं संग्रहलय विभाग-जयपुर

शेष अगले अंक में

# यूरोलॉजिस्ट डॉ. आशुतोष सैनी ने जटिल ऑपरेशन को सफल कर रचा इतिहास

**जयपुर (हमारा वतन)** चौमूं शहर के रींगस रोड स्थित सैनी हॉस्पिटल के यूरोलॉजी सेंटर के यूरोलॉजिस्ट डॉ. आशुतोष सैनी ने 5 वर्षीय बच्चे का सफल ऑपरेशन कर एक नया इतिहास रच दिया है। डॉ. आशुतोष सैनी ने बताया कि करीब 15 दिन पहले खंडेला से एक 5 वर्षीय बच्चे को लेकर परिजन आए थे । बच्चा जन्मजात पेशाब के रास्ते की विकृति से जूझ रहा था। जिससे उसे पेशाब करने में भी बड़ी समस्या से गुजरना पड रहा था । डॉ. सैनी ने बताया कि बच्चे को आगे जाकर वैवाहिक जीवन में भी समस्या आ सकती थी। उसको एक जटिल ऑपरेशन के द्वारा ही सही किया जा सकता था। जिसकी सफ्लता की दर काफी कम होती है। लेकिन डॉ. सैनी ने निःशुल्क सफल ऑपरेशन कर बच्चे को इस बीमारी से छुटकारा दिलाया है। बच्चे के परिजन अमर सिंह खंडेला ने बताया कि इस बीमारी के इलाज के लिए लोग एसएमएस जयपुर जाया करते थे। अब यह सुविधा सैनी हॉस्पिटल में निःशुल्क उपलब्ध है। हमारा बच्चा 15 दिन बाद स्वस्थ होकर घर लौट रहा है । इस सफल ऑपरेशन के लिए मरीज के साथ वालो ने डॉ. सैनी को धन्यवाद दिया। गौरतलब है की सैनी हॉस्पिटल में यूरोलॉजी सेंटर का शुभारम्भ हुए करीब 8 महीने ही हुए हैं । इस दौरान सभी केस सफल हुए हैं । इस मौके पर हॉस्पिटल डायरेक्टर डॉ. बी एस सैनी (वरिष्ठ सर्जन), डॉ. पूजा (चर्म रोग विशेषज्ञ), डॉ. आशीष (डेंटल सर्जन), डॉ. राजेश सैनी,मेनेजिंग डायरेक्टर शंकर लाल,कुंदन कँवर,भवानी सिंह शेखावत,मंजू कँवर, सांवर मल बाज्या,मोहित,राहुल,महेश कुमार सैनी सहित समस्त हॉस्पिटल स्टाफ मौजूद रहा।



# झूठ का बीज

शब्द शहद सा बरसे गर तो
सावधान होकर तुम सुनना
कटु सत्य के फिर आगे
चिकनी बातों को क्योंकर सुनना

चिकनी - चुपड़ी बातों के पीछे
घात लगाए अंतस बैठा है
गर सत्य को पकड़ लिए तो
पीछे उदास अपयश बैठा है

इसीलिए होकर चैतन्य रहो
सत्य कहीं पर खो न जाए
तुम्हारे उपजाऊँ अंतस में
झूठ का बीज कोई बो न पाए

अंतस की मिट्टी को ऐसी बदलो
के झूठ फरेब के खातिर हो बंजर
किसी के चाहे कभी उगे न
चाहे कितने बीज कोई बोए निरंतर

दुनियाँ ने अक्सर दुनियाँ को
दुनियादारी है गलत सिखाई
आँख पर है भ्रमजाल का पर्दा
ठीक -ठीक कैसे दे दिखाई

चलो अब तो वह कार्य करो
के दिल- दिमाग़ अब लड़ न पाए
बीज गर कोई बो दे भी तो
वह थोड़ा भी बढ़ न पाए



सिद्धार्थ गोरखपुरी

# युवा पीढ़ी करे बाबा साहब के सिद्धांतों का अनुसरण:चांदना

जयपुर(नि.सं.)। अशोक चांदना बूंदी जिले के हिण्डोली-नैनवां क्षेत्र के दौरे पर रहे और नैनवां में महर्षि बालिनाथ छात्रावास में डॉ.भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति अनावरण कार्यक्रम एवं सामाजिक कार्यक्रमों शिरकत की। इस दौरान उन्होंने सुंथली में कक्षा कक्षों के निर्माण की आधारशिला भी रखी।

# पत्रकारों पर हमले की निष्पक्ष जाँच और पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग को लेकर दिया ज्ञापन

**चौमूं (हमारा वतन)** पत्रकारों पर दिनदहाड़े जानलेवा हमला करने की घटना को लेकर चौमूं की पत्रकार संस्था के पदाधिकारियों के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी सीमा खेतान को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नाम ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि प्रदेश में आए दिन पत्रकारों पर सुनियोजित ढंग से माफियाओं द्वारा जानलेवा हमलों की घटनाएं सामने आती रहती है । 6 दिन पूर्व ही कालवाड़ में पत्रकारों पर दिनदहाड़े जानलेवा हमला किया गया । पत्रकार संस्था इसकी घोर निंदा करती है ।कांग्रेस के घोषणा पत्र में लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पत्रकारों की सुरक्षा के लिए पत्रकार सुरक्षा अधिनियम की घोषणा की गई थी, लेकिन 3 साल गुजर जाने के बाद भी इसे अमलीजामा नहीं पहनाया गया है, जबकि पत्रकारों पर निरंतर हमलों की घटनाएं बढ़ती जा रही है ।ज्ञापन में पत्रकार संस्था ने जानलेवा हमले के सभी आरोपियों की गिरफ्तारी, हमले की त्वरित निष्पक्ष जांच, दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने और महाराष्ट्र की तर्ज पर जल्द से जल्द पत्रकार सुरक्षा अधिनियम बनाकर लागू करने की मांग की गई,ताकि पत्रकार निष्पक्षता से पत्रकारिता कर सके । गौरतलब है कि तीन दिन पहले कालवाड़ में पत्रकार रामनिवास मंडोलिया,विवेक सिंह जादौन और कमल देगडा पर जानलेवा हमला कर दिया गया था । सभी का उपचार एक नीजि हॉस्पिटल में चल रहा है ।



# पशु क्रुरता निवारण समिति की बैठक में गौरक्षक दल अध्यक्ष शेर सिंह कुमावत ने लिया भाग

**जयपुर (हमारा वतन)** जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में पशु क्रुरता निवारण समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमें जिला कलेक्टर राजन विशाल ने पुलिस, वन विभाग, नगर निगम, पशुपालन विभाग के अधिकारियों को पशु क्रुरता रोकने के लिए सख्ती से पालना के निर्देश दिए। साथ ही शिकायत के लिए दूरभाष नंबर 0141-237 3237 जारी कर जिला स्तरीय कंट्रोल रूम की स्थापना कर निवारण हेतु नोडल अधिकारियों की नियुक्ति दी गई। बैठक के दौरान समिति के सदस्य व गौ रक्षक दल अध्यक्ष शेरसिंह कुमावत ने गोविंदगढ़ के आस पास के इलाकों में प्रशासन से आए दिन खुले कुंओं में पशुओं के गिरने से होने वाले हादसों की रोकथाम के लिए गौचर, आबादी व वन विभाग क्षेत्र में खुले पड़े कुंओं को ढकवाने और नदी नालों, जलभराव तालाब, गौ चारण क्षेत्र में फैक्ट्रियों का दूषित जल डालने वालों के खिलाफ दंड प्रक्रिया संहिता 1970 की धारा 133 के तहत कार्रवाई करने की मांग की है। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर बीरबल सिंह, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. प्रवीण कुमार, भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड से मनीष सक्सेना, एडवोकेट महेंद्र सिंह कच्छावा, लोकेश डेनवाल सहित वन विभाग, पुलिस, नगर निगम के कई अधिकारी उपस्थित रहे।



# रामकरण मीणा बने राजस्थान राज्य नर्सेज एसोसिएशन एकीकृत के ब्लॉक अध्यक्ष

**जयपुर (हमारा वतन)** राजस्थान राज्य नर्सेज एसोसिएशन एकीकृत ब्लॉक गोविंदगढ़ के अध्यक्ष पद के लिए हुए निर्वाचन में सीनियर नर्सिंग ऑफीसर रामकरण मीणा को निर्विरोध ब्लॉक अध्यक्ष चुना गया । चुनाव संयोजक प्रवीण कुमार सैनी व चुनाव अधिकारी सरदारमल दून ने बताया कि निर्धारित समय तक एक ही नामांकन पत्र आने पर सीनियर नर्सिंग ऑफिसर रामकरण मीणा को निर्विरोध निर्वाचित किया गया। नवनिर्वाचित ब्लॉक अध्यक्ष को सीएचसी चौमू प्रभारी डॉ मुखराम देवन्दा ने शपथ दिलाई। ब्लॉक अध्यक्ष ने बनवारी लाल जाट को ब्लॉक उपाध्यक्ष मनोनीत किया। इस अवसर पर अमित कुमार सैनी, निवर्तमान ब्लॉक अध्यक्ष रिदकरण सोनवाल, बुद्धि प्रकाश मीणा, देवदत्त शर्मा, मनोज कुमावत, सही राम चौधरी ,बजरंग लाल शर्मा, भगवान सहाय यादव ,शैतान गुर्जर, कांता भंबानी ,सुनीता टाक, विजेता कटेवा, विजय कुमार ,लक्ष्मी नारायण, सुनील सैनी, दीपक शर्मा ,कन्हैया लाल सैनी, गिरिराज जांगिड़, लीलाधर सैनी, अमिताभ महला आदि ब्लॉक के नर्सिंग कर्मी उपस्थित रहे।





# संगठनों के चुनावों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक हुई आयोजित

**चौमूं (हमारा वतन)** शहर के मोरीजा रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय गोठवाल भवन पर संगठनों के चुनावों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित हुई। डीआरओ लोकेश जिंदल, पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी व बीआरओ बी एल मीणा के सानिध्य में कांग्रेसियों की बैठक आयोजित हुई। लोकेश जिंदल ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं की सहमति व बहुमत से अध्यक्ष व कार्यकारिणी चुने जाएंगे। कांग्रेस पार्टी नेताओं की नहीं बल्कि कार्यकर्ताओं की पार्टी है। पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने बताया कि कांग्रेस पार्टी ने ही विकास किया है और विकास करेगी। सभी कार्यकर्ताओं को मनमुटाव दूर कर कांग्रेस को मजबूत बनाना चाहिए। कार्यकर्ताओं की सहमति से ब्लॉक अध्यक्ष बनाया जाए जिससे कांग्रेस पार्टी मजबूत हो। इस मौके पर चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष नानगराम लंबा, कृष्णकांत जोशी, डीसीसी उपाध्यक्ष गिरिराज देवंदा, सेवादल संगठक लछूराम सैनी सहित सैंकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जॉब्स

1. राजस्थान स्टाफ सिलेक्शन बोर्ड (आरएसएमएसएसबी), पद लाइब्रेरियन ग्रेड थर्ड, पद संख्या 460, अंतिम तिथि 24 जून 2022
2. राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी), पद सेकंड ग्रेड टीचर संस्कृत शिक्षा विभाग, पद संख्या 417, अंतिम तिथि 21 जून 2022
3. राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी), पद ऑक्यूपेशनल थैरेपिस्ट, पद संख्या 24, अंतिम तिथि 19 जून 2022
4. स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (एसएससी) पद विभिन्न, पद संख्या 2065, अंतिम तिथि 15 जून 2022
5. स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (एसएससी) दिल्ली पुलिस, पद हेड कांस्टेबल, पद संख्या 835, अंतिम तिथि 16 जून 2022
6. आइटीबीपी, पद हेड कांस्टेबल, पद संख्या 248, अंतिम तिथि 7 जुलाई 2022
7. आइटीबीपी, पद एएसआई स्टेनोग्राफर, पद संख्या 38, अंतिम तिथि 7 जुलाई 2022
8. राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी), पद हॉस्पिटल केयर टेकर, पद संख्या 55, अंतिम तिथि 29 जून 2022

# वूमन वेलफेयर सोसायटी अध्यक्ष जगविंदर कौर ने की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे से मुलाकात

**जयपुर (हमारा वतन)** शहर की जानी मानी वूमन वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्ष जगविंदर कौर ने पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे से निवास स्थान पर जाकर शिष्टाचार मुलाकात की । जगविंदर कौर ने बताया कि राजस्थान प्रदेश में जल्द ही चुनाव होने वाले हैं और आपणो राजस्थान - आपणी वसुंधरा ( मिशन 2023) के तहत मुलाकात की और पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी से भी भेंट की। जानकारी के लिए आपको बता दें कि जगविंदर कौर महिला सशक्तिकरण के लिए कार्य करती रहती हैं और अपनी गोल्डन बेल्स अकैडमी स्कूल में निर्धन बच्चियों को निःशुल्क शिक्षा देने का कार्य करती रहती है । साथ ही महिलाओं को स्वरोजगार के लिए भी प्रेरित कर रही है ।






## Urfi Javed ने मौका पाते ही साधा राहुल वैद्य पर निशाना, बोली- अपने फायदे के लिए औरत को...

बिग बॉस ओटीटी फेम उर्फी जावेद बेबाक अंदाज से हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। उर्फी जावेद अपने स्टाइल से लोगों को चौंकाती रहती हैं और कई बार तो सेलेब्स से लेकर आम जनता भी उनकी ड्रेसिंग सेंस पर सवाल उठा देते हैं। कई मौकों पर तो उर्फी जावेद भी चुप नहीं रहती हैं और इस बार उनके लपेटे में बिग बॉस 14 फेम राहुल वैद्य आए हैं। दरअसल कुछ दिन पहले ही राहुल वैद्य ने ट्विटर पर एक पोस्ट शेयर किया था। इस पोस्ट में उन्होंने लिखा था कि आजकल लोग फैशन के नाम पर कुछ भी कर रहे हैं...जल्द ही लोग फैशन के नाम पर न्यूड तस्वीरें भी शेयर करेंगे। राहुल वैद्य के इस ट्वीट को लोगों ने उर्फी जावेद से जोड़ा था। अब उर्फी ने राहुल वैद्य को अपने ही अंदाज में जवाब देने की कोशिश की है। हाल ही में राहुल वैद्य का नया गाना नॉटी बलम रिलीज हुआ है। इस गाने में राहुल वैद्य टीवी एक्ट्रेस नायरा बनर्जी के साथ रोमांस करते हुए नजर आ रहे हैं। इस गाने में नायरा ने रिवीलिंग ड्रेस पहनी हुई है। गाने के रिलीज होते ही उर्फी जावेद ने राहुल वैद्य पर निशाना साध दिया है। नॉटी बलम का टीजर इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए उर्फी जावेद ने लिखा है, अपने फायदे के लिए किसी औरत को सेक्सुअलाइज कर रहे हो लेकिन जब खुद वह इसे चुनती है..या जो



चाहे पहनती है..पोस्ट करती है तो यही चीज लोगों को परेशान करती है। हिपोक्रेसी उर्फी ने एक और पोस्ट में लिखा है, मैं राहुल वैद्य को एक सिंगर के रूप में काफी पसंद करती थी लेकिन आपने अब सम्मान खो दिया है। आप एक सेक्सिस्ट हिपोक्रेसी हैं। कुछ वक्त पहले ही जाने-माने सेलिब्रिटी फोटोग्राफर विरल भयानी ने खुलासा किया था कि आखिर पैपराजी इन दिनों उर्फी जावेद को इतना कवर क्यों करते हैं? इंटरव्यू में विरल ने बताया कि उर्फी इस समय बॉलीवुड कलाकारों से भी ज्यादा पैसे कमा रही हैं और इसकी वजह से पैपराजी को भी फायदा हो रहा है।

## करण जौहर की पार्टी में इस स्टार के जैसी ड्रेस पहनकर पहुंचीं Ananya Panday को किया जा रहा ट्रोल, लोग बोले- सस्ती कॉपी

फिल्ममेकर करण जौहर ने अपने 50वें बर्थडे के लिए ग्रैंड पार्टी रखी थी, जिसमें फिल्मी जगत के कई स्टार्स शामिल हुए। मशहूर स्टार्स सलमान खान से लेकर ऐश्वर्या राय तक और स्टार किड्स आर्यन खान से लेकर अनन्या पांडे तक पार्टी में पहुंचे थे। सितारों के लुक्स ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। इसी बीच एक्ट्रेस अनन्या पांडे की शिमरी सिल्वर कलर की ड्रेस ने लोगों को आकर्षित किया। अनन्या की ड्रेस पर लोगों की निगाहें टिक गई और अब एक्ट्रेस इसके लिए ट्रोल हो रही हैं। दरअसल, लोगों का कहना है कि एक्ट्रेस की ड्रेस अमेरिकन मॉडल से कॉपी की गई है और इसी को लेकर उन्हें ट्रोल किया जा रहा हैं।अनन्या पांडे ने इस पार्टी के लिए ग्लैमरस लुक कैरी किया था। उन्होंने सिल्वर कलर के सिकुइन वर्क वाले फुल गाउन को पहना था। ये ड्रेस हाफ ऑफ शोल्डर थी और इसके साथ अनन्या पांडे ने हेयर बन बनाया हुआ था। इसमें कोई शक नहीं कि इस लुक में अनन्या पांडे कहर ढा रही थी लेकिन अब सोशल मीडिया पर उन्हें ट्रोलिंग झेलनी पड़ रही है।अमेरिकन मॉडल



केंडल जेनर ने मेट गाला 2021 में शियर फैब्रिक का गाउन चुना था। जिस पर सिल्वर कलर के सिकुइन का वर्क था। उनका गाउन भी इसी तरह के लुक में था। इसे देखते हुए अब सोशल मीडिया यूजर्स का कहना है कि अनन्या पांडे ने केंडल का लुक कॉपी किया है। यूजर्स उनकी फोटो-वीडियो पर कमेंट करके उन्हें कॉपी कैट और सस्ती कॉपी कह रहे हैं। एक यूजर ने तो उन्हें बॉलीवुड की केंडल तक कह डाला।बता दें, पार्टी में अनन्या पांडे नव्या नवेली नंदा के साथ पहुंची थीं। उनके अलावा करण जौहर के बर्थडे बैश में शनाया कपूर, आर्यन खान भी शामिल हुए। अन्य सेलेब्स की बात करें तो पार्टी में रानी मुखर्जी, काजोल, सलमान खान, तब्बू, आयुष्मान खुराना, करीना कपूर खान, मलाइका अरोड़ा, मनीष मल्होत्रा, ऐश्वर्या राय बच्चन, अभिषेक बच्चन, श्वेता बच्चन, सारा अली खान जैसे तमाम सितारे शामिल हुए।

## फिल्मों पर बोलीं रवीना टंडन, कहा- कोई कम्पटीशन नहीं हम एक इंडस्ट्री है

फिल्म केजीएफ 2 में रमिका सेन का किरदार निभाकर एक्ट्रेस रवीना टंडन एक बार फिर सुर्खियों में छाई हुई हैं। रवीना हमेशा से ही अपने बेबाक अंदाज और जबरदस्त एक्टिंग के लिए जानी जाती हैं। एक्ट्रेस किसी भी मुद्दे पर अपनी बात रखने से पीछे नहीं हटती है। अब रवीना ने हिंदी वर्सेज साउथ फिल्मों की तुलना पर अपनी बात रखी है। एक्ट्रेस से पहले फिल्म इंडस्ट्री के कई स्टार्स इस बात पर बहस कर चुके हैं और इस पर अपनी राय दे चुके हैं। तो वहीं अब एक्ट्रेस ने इस पर कहा है कि दोनों ही इंडस्ट्री में कोई तुलना नहीं की जा सकती है।



**साउथ वर्सेज हिंदी पर छिड़ी है बहस**-साउथ फिल्म जैसे पुष्पा, आरआरआर, केजीएफ 2 सुपरहिट हुई है और लोगों ने इन फिल्मों को देखने के बाद बॉलीवुड पर निशाना साधा था। इन फिल्मों के हिट होने के बाद से ही हिंदी और साउथ फिल्मों की तुलना की जा रही है। इस मामले को लेकर अजय देवगन, किच्चा सुदीप के बीच भी तीखी बहस देखने को मिली थी। तो वहीं अब रवीना ने भी अपना पक्ष रखा है।

# केमिकल वाले कलर से बेहतर हैं वीगन हेयर कलर,हम बता रहे हैं इसके कारण

आपके बाल आपकी पर्सनैलिटी का ज़रूरी हिस्सा हैं, इनका प्राकृतिक रंग इनकी खूबसूरती में चार चांद लगा देता है। बालों के रंग को आपके व्यक्तित्व से मेल खाना ज़रूरी है। अपने व्यक्तित्व को निखारने के लिए यदि आप हेयर कलर का इस्तेमाल करना चाहती हैं, तो सही हेयर कलर चुनना बहुत जरूरी है। इसलिए हम आपको सलाह देंगे वीगन हेयर कलर चुनने की। जानना चाहती हैं क्या हैं और ये कैसे आपके लिए फायदेमंद हैं? तो बस अंत तक पढ़ती रहें। सभी चाहते हैं कि आपके लंबे समय तक चलने वाले हेयरकलर मिलें। जिसके साइडइफेक्ट न हों। लेकिन कुछ दिनों के बाद, डार्क कलर, जैसे रेड और कॉपर कलर, फीके पड़ जाते हैं। क्योंकि केमिकल वाले कलर जल्दी ही अपनी रंगत खो देते हैं। इस बारे में बात करते हुए अगर आप भी इस परेशानी से जूझ रही हैं तो वीगन या आयुर्वेदिक कलर चुनें।



**क्यों आपके बालों के लिए अच्छे नहीं हैं केमिकल वाले डाई**-अधिकांश रासायनिक हेयर डाई कोलतार और पेट्रोकेमिकल्स के कम्पोजीशन के साथ बनाए जाते हैं। जो निश्चित तौर पर बालों को नुकसान पहुंचाते हैं। इन हेयर कलर्स में ये चीज़ें खास तौर पर पाई जाती है अमोनिया

**1 कैंसर**-रासायनिक हेयर डाई का उपयोग करने से लिम्फोमा, जो कि एक प्रकार का ब्लड कैंसर है होने की संभावना बढ़ सकती है। एनसीआई के एक अध्ययन ने लिम्फोइड नियोप्लाज्म के 2,302 मामलों का विश्लेषण किया और पाया कि जो लोग साल में 12 बार से अधिक बार हेयर डाई का इस्तेमाल करते हैं, उनमें लिम्फोमा का खतरा अधिक हो सकता है। हालांकि, अध्ययन में कैंसर के लिए जिम्मेदार केमिकल कॉम्बिनेशन के बारे में नहीं बताया गया है।

**2 एलर्जी**-हेयर डाई में मौजूद रसायन स्कैल्प में इचिंग जैसी दिक्कतें पैदा कर सकते हैं और जलन, रेडनेस के साथ और अन्य एलर्जी का कारण बन सकते हैं। यह अंततः बालों के झड़ने का कारण बन सकता है।

**3 बालों को ड्राई बनाते हैं**-केमिकल हेयर डाई में मौजूद अमोनिया बालों के क्यूटिकल्स में स्वेलिंग लाता है, जिससे बालों को काफी नुकसान होता है। यह बालों को कमजोर करता है, जिससे बाल टूटते हैं, रूखे होते हैं और दोमुंहे भी हो जाते हैं।

केमिकल वाले हेयर कलर्स से सेहत को पहुंचते नुकसान को देखते हुए वीगन हेयर कलर्स एक बेहतर ऑप्शन हो सकते हैं। ये आपके ट्रेंडी लुक को सूट करने वाले ऐसे कलर्स हैं जिनसे न तो आपकी सेहत को कोई ख़तरा है न किसी तरह के साइडइफेक्ट हैं।

**क्या हैं वीगन हेयर कलर**- वीगन कलर्स, एंटी-फेड यूवी हेयर डाई होते हैं, जो आपके बालों को कंडीशन करती है। जिससे उपयोग के बाद आपके बाल सॉफ्ट तो होते ही हैं साथ ही शाइन भी करते हैं। इन कलर्स में खास तौर पर आपके बालों को स्वस्थ रखने के लिए सूरजमुखी के बीज, रास्पबेरी के बीज और एवोकैडो तेल होते हैं। वीगन हेयर डाई में अमोनिया और पेरोक्साइड नहीं होते हैं, जबकि रासायनिक डाई इन दो हानिकारक तत्वों से भरी होती हैं।




## CWG के लिए भारतीय शटलर्स की डिमांड
### सिंधु को चाहिए ट्रेनर, लक्ष्य सेन ने वर्ल्ड नंबर-1 विक्टर एक्सेलसन के साथ ट्रेनिंग की इजाजत मांगी

**नई दिल्ली।** थॉमस कप में शानदार प्रदर्शन कर लौटे भारतीय बैडमिंटन स्टार्स अब कॉमनवेल्थ गेम्स-2022 की तैयारियों में जुट गए हैं। इसी सिलसिले में कुछ खिलाड़ियों ने TOPS (टारगेट ओलिंपिक पोडियम स्कीम) के तहत अपने लिए जरूरी सुविधाओं की मांग की है। इन डिमांड को MOC ने अप्रुव कर दिया है। 73 साल बाद थॉमस कप में गोल्ड जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य लक्ष्य सेन ने वर्ल्ड नंबर-1 विक्टर एक्सेलसन के साथ दुबई में एक हफ्ते ट्रेनिंग का प्रस्ताव रखा। जबकि डबल ओलिंपिक मेडलिस्ट पीवी सिंधु ने अपने फिटनेस ट्रेनर को इंटरनेशनल टूर्नामेंट के दौरान अपने साथ रखने की मांग की। इन्हें MOC (मिशन ओलिंपिक सेल) ने स्वीकार कर लिया है। बता दें कि रियो ओलिंपिक के बाद भारतीय शटलर्स ने लगातार बेहतरीन प्रदर्शन किया है।



**मई-जून में दुबई और मलेशिया में ट्रेनिंग करेंगे लक्ष्य**-20 साल के लक्ष्य सेन 29 मई से 5 जून के बीच वर्ल्ड नंबर-1 विक्टर एक्सेलसन के साथ दुबई में ट्रेनिंग करेंगे। उसके बाद वे क्वालालंपुर जाएंगे। जहां 19 से 26 जून तक मलेशियाई ट्रेनिंग सेंटर में अभ्यास करेंगे। इन दोनों ट्रेनिंग प्रपोजल को MOC ने कॉमनवेल्थ गेम्स की तैयारियों के चलते अप्रूवल दिया है। स्वीकृत राशि में उनकी और उनके फिजियो की हवाई यात्रा, बोर्डिंग, लॉजिंग और दूसरे खर्चे भी शामिल होंगे।

**फॉरेन टूर में सिंधु के साथ रहेंगे मडापल्ली**-वर्ल्ड नंबर-7 पीवी सिंधु ने फिटनेस ट्रेनर एम श्रीकांत मडापल्ली को फॉरेन टूर में अपने साथ ले जाने की मांग की थी।

## बंगाल क्रिकेट संघ से टूटा ऋद्धिमान साहा का नाता? कैब अध्यक्ष ने जारी किया बयान

**नई दिल्ली।** भारतीय अनुभवी विकेट कीपर बल्लेबाज ऋद्धिमान ने अधिकारिक तौर पर क्रिकेट संघ को बताया है कि वह आगामी रणजी ट्रॉफी नॉकआउट में बंगाल के लिए नहीं खेलेंगे। साहा का यह फैसला बंगाल के साथ उनके शानदार करियर का अंत माना जा रहा है। इस टीम के लिए 2007 में डेब्यू करने वाले साहा ने 22 प्रथम श्रेणी और 102 लिस्ट ए मैच खेले हैंकैब अध्यक्ष अविषेक डालमिया ने एक बयान में कहा रणजी ट्रॉफी के ग्रुप स्टेज में टॉप रैंक पर रहने वाली बंगाल की टीम अब नॉकआउट स्टेज में है। इस महत्वपूर्ण स्टेज के लिए बंगाल क्रिकेट एसोसिएशन चाहता था कि ऋद्धिमान साहा बंगाल की टीम में रहें। मैंने यह बात रिद्धिमान को बतलाई और उनसे उनका फैसला बदलने का निवेदन किया। हालांकि उन्होंने बताया कि वह रणजी नॉकआउट मुकाबले खेलने के लिए तैयार नहीं हैं। कैब अध्यक्ष ने बताया कि उन्होंने इस मामले में अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश की, बोर्ड ने उनके बचपन के कोच जयंता भौमिक के जरिए भी बाती की मगर साहा नहीं माने।




हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

### अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन वीकली के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# भारत मैन्यूफैक्चरिंग के क्षेत्र में तेजी से उभर रहा


राम गोपाल सैनी

पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कोविड महामारी और वर्तमान वैश्विक संघर्षों के बीच अपनी नई प्रतिभाशाली पीढ़ी के बल पर भारत स्टार्टअप और साफ्टवेयर से लेकर अंतरिक्ष जैसे विभिन्न क्षेत्रों में सामर्थ्यवान देश के रूप में उभर रहा है और दुनिया की समस्याओं का समाधान भी पेश कर रहा है। मोदी ने युवाओं से आग्रह किया कि वे अगर 15 अगस्त, 2023 तक डिजिटल लेन-देन करें और नकदी का व्यवहार न करें तो देश में एक बड़ी आर्थिक क्रांति ला सकते हैं। इसमें कोई दो मत नहीं कि मजबूत होती भारतीय अर्थव्यवस्था से भारत सामर्थ्यवान बनता जा रहा है। निस्संदेह इस समय यूक्रेन संकट के कारण जब अमेरिका और जापान सहित दुनिया की विभिन्न अर्थव्यवस्थाएं मंदी का सामना कर रही हैं, तब भारत तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था वाले देश के रूप में चिन्हित किया जा रहा है।संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि वृद्धि चालू वित्त वर्ष में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी)में 6.4 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि वैश्विक मंदी की चुनौतियों के बीच वित्त वर्ष 2021-22 में भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआइ) में रिकार्ड बढ़ोतरी हुई है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के मुताबिक भारत ने वित्त वर्ष 2021-22 में 83.57 अरब डालर का रिकार्ड एफडीआइ प्राप्त किया है। वहीं वित्त वर्ष 2020-21 में यह आंकड़ा 81.97 अरब डालर था। प्रमुख निवेशक देशों के मामले में सिंगापुर 27 प्रतिशत के साथ शीर्ष पर मौजूद है। इसके बाद अमेरिका 18 प्रतिशत के साथ दूसरे, जबकि मारीशस 16 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर है। कंप्यूटर साफ्टवेयर एवं हार्डवेयर, सेवा क्षेत्र और आटोमोबाइल उद्योग में सबसे अधिक एफडीआइ प्राप्त हुआ है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार भी इस समय करीब 600 अरब डालर के मजबूत स्तर पर दिखाई दे रहा है।आज भारत मैन्यूफैक्चरिंग के क्षेत्र में विदेशी निवेश के लिए एक पसंदीदा देश के रूप में तेजी से उभर रहा है। दुनिया भर में यह माना जा रहा है कि भारत सस्ती लागत के विनिर्माण में चीन को पीछे छोड़ सकता है।

# सैकड़ों युवक-युवतियों ने लिया ब्राह्मण समाज के परिचय सम्मेलन में भाग

**जयपुर (हमारा वतन)** चौमूं शहर में सैकड़ों युवक - युवती अपना जीवन साथी चुनते हुए नजर आए ! जी हां हम बात कर रहे हैं चौमूं शहर में पहली बार आयोजित हो रहे ब्राह्मण समाज राजस्थान जयपुर जिला देहात द्वारा आयोजित वैवाहिक युवक- युवती परिचय सम्मेलन की । जहां पर सैकड़ों युवक-युवयों ने अपना जीवनसाथी चुना । प्रदेशाध्यक्ष अम्बिका प्रसाद पाठक और जिलाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी ने बताया कि प्रातः 9 बजे से रेलवे स्टेशन रोड स्थित रॉयल पैलेस



गार्डन में सर्व ब्राह्मण समाज के युवक- युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया । जिसमे विवाह योग्य युवक - युवतयों ने अपना जीवनसाथी चुना । कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने अपनी - अपनी जिम्मेदारियां बखूबी निभाई ।

### राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ समर्थित संस्था पंचम धाम न्यास दक्षिण एशिया में सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार की दिशा में 5वीं यात्रा 30 मई से शुरू

जयपुर(नि.सं.)। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ समर्थित संस्था पंचम धाम न्यास दक्षिण एशिया में सनातन संस्कृति के प्रचार -प्रसार की दिशा में अपनी 5वीं यात्रा 30 मई से शुरू कर रही है । आरएसएस के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य इद्रेंश कुमार भारत की इस सांस्कृतिक यात्रा का नेतृत्व कर रहे है ।

## बढ़ते चारे के दामों पर अंकुश लगाने के लिए सरकार उठाए आवश्यक कदम- रामलाल शर्मा



**जयपुर (हमारा वतन)** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान के पशुपालक दुखी और परेशान है और उनकी परेशानी का मुख्य कारण ये है कि चारे के भाव आसमान छू रहे हैं लेकिन राजस्थान की सरकार चारे के भावो को नियंत्रण करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है और किसान इस हालत में पहुंच चुके हैं कि अपने पशुओं को ओने पौने दामों के अंदर बेचना शुरू कर दिया है क्योंकि इतना महंगा चारा खिलाकर पशुपालन उनकी आजीविका का आधार नहीं बन सकता। इसलिए किसानों की परेशानी को देखते हुए तत्काल राज्य सरकार को चारे के भावो को नियंत्रण करने के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए ताकि आसानी से पशुपालकों को पशुओं के लिए चारा उपलब्ध हो सके और वो पशुओं को बचाने का काम कर सके। नहीं तो आने वाले समय के अंदर किसानों की हालत और भी बिगड़ती हुई दिखाई देगी।

## महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष बनने पर नीतू शर्मा का हुआ सम्मान

जयपुर (हमारा वतन) सर्व ब्राह्मण महासभा चौमूं नगर महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष बनने पर श्री राम नगर की मातृशक्ति द्वारा महासभा प्रदेश उपाध्यक्ष आनंद मिश्रा के सानिध्य में नीतू शर्मा का दुपट्टा एवं चुनरी औढाकर, मिठाई खिला कर अभिनंदन कर शुभकामनाएं दी । इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष आनंद मिश्रा एवं जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा ने नीतू शर्मा को नियुक्ति पत्र भेट किया एवं कहा की सामाजिक गतिविधियों में समाज की मातृशक्ति की स्वैच्छिक भागीदारी समाज विकास के लिए शुभ संकेत है । इस अवसर पर जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा ,जिला उपाध्यक्ष निखिल तिवारी , चौमूं नगर अध्यक्ष ब्रह्मदत्त मिश्रा, नानगराम शर्मा, इन्द्र वशिष्ठ , सुमन शर्मा, ममता शर्मा ,सानिया शर्मा ,गुड्डू शर्मा, प्रेमलता ,पूजा, सुमित्रा,पिंकी ,तनीषा सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही ।



### मुख्यमंत्री ने दी मंजूरीः पाली जिले के बाली में खुलेगा अतिरिक्त जिला कलक्टर कार्यालय

जयपुर(नि.सं.)। मुख्यमंत्री ने पाली जिले की बाली तहसील में अतिरिक्त जिला कलक्टर कार्यालय खोलने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। गहलोत के इस निर्णय से आमजन को प्रशासनिक कार्यों को स्थानीय स्तर पर ही करवाने में सुगमता आएगी तथा सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर तरीके से किया जा सकेगा।



## भामाशाह हरसोलिया ने सीएचसी चौमूं को किए दो कूलर भेंट

**जयपुर (हमारा वतन)** राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चौमूं में जनहित के लिए भामाशाह सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया पुत्र भंवरलाल हरसोलिया टांकरडा निवासी ने सीएचसी प्रभारी डॉ. मुखराम देवन्दा को दो कूलर भेंट किए है। हरसोलिया ने बताया कि इस भीषण गर्मी में मरीजों को हो रही परेशानी को देखते हुए दो कूलर भेंट किए हैं। इस दौरान सीएचसी प्रभारी डॉ. मुखराम देवन्दा ने भामाशाह हरसोलिया को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सभी ने हरसोलिया का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर स्टोर प्रभारी ओपी डाबरिया, नर्सिंग ऑफिसर प्रवीण सैनी, दिनेश कुमार व्यास, सेडूराम गुर्जर आदि मौजूद रहे।

हमारा वतन
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

# ई.एम.आई.की ज़िन्दगी !


डॉ रमाकांत क्षितिज
संकलन-विनोद कुमार दुबे

एक प्राइवेट बैंक में कुछ काम से गया था । मैं एक महिला बैंक कर्मी से बात कर ही रहा था की देखा बगल वाले काउंटर की महिला रोते हुए भीतर जाने लगी । मैंने अपने सामने बैठी महिला कर्मी से पूछा क्यो रो रही है वो ! मेरे सामने बैठी महिला ने कहा सर ये रोज की बात है । हर दिन कोई न कोई रोता ही है । पुरूष वर्ग तो लड़ झगड़ लेता है,पर हम महिलाएं रो उठती है । काम का इतना बोझ होता है कि कभी - कभी बारह घण्टे से भी ज़्यादा काम करना होता है । इतना सब कुछ इसलिए सहना होता है,चूंकि इसे छोड़ने पर दूसरी नौकरी मिलेगी भी या नही पता नही । इसलिए कभी - कभी अनर्गल बातें भी सहनी पड़ती हैं । हम सब ने किसी न किसी तरह का लोन,कर्ज़ भी ले रखा है, ईएमआई तो भरनी है । हर महीने चाहे हॉस्पिटल में ही क्यो न रहो । कुछ तो ज़रुरते और कुछ दुनिया के चक्कर में हमने पूरी ज़िंदगी ईएमआई पर कर ली है । घर,घर के समान,गाड़ी सब कुछ तो ईएमआई पर निर्भर हो गया है । कभी कभी तो होटल का एक टाइम का भोजन भी क्रेडिट कार्ड पर ही हो जाता है । उस महिला की उम्र यही कोई पच्चीस साल के आस पास रही होगी । वह बता रही थी कि,वह शुगर और ब्लडप्रेशर की मरीज हो चुकी है । सच में जब हम आज के दौर की चमक-दमक की नौकरी देखते है,तो उस चमक के पीछे का कालापन हमें नही दिखाई देता । मल्टीनेशनल कम्पनिया हम भारतीयों को ऐसा माहौल देती हैं । हम चाहे जितना कमाए पर लोन कर्ज़ में रहे । बड़े होटलों में रुकना,हवाई यात्रा करना,वीकेंड मनाना,गर्मियों की छुट्टियाँ मनाना । इस तरह का माहौल बनाना की हमेशा आमदनी से ज़्यादा खर्च बना रहे । मुझे याद है बचपन मे गांवो में मज़दूर को इतनी ही मज़दूरी उनके मालिको द्वारा दी जाती कि, दूसरे दिन वे काम पर आने को मजबूर हो। सिर्फ वक्त बदला है! परिस्थितियां तो लगभग वैसी ही हैं । अगर मज़दूर पहले की अपेक्षा अपडेट हुआ है,तो उसका मालिक सौ गुना ज़्यादा अपग्रेड हुआ है । यह गैप भरना आसान नही । कहीं यह गैप स्वाभाविक और प्राकृतिक तो नहीं...! मज़दूर अपडेट होता है,तो मालिक अपग्रेड होता है !!




RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
संरक्षक : बाबूलाल सैनी मो: 7296873757
सहायक सम्पादक: राकेश तिवाड़ी
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा